# लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश

गौतम नगर ,भोपाल–462021,दूरभाष 0755–2581064

क्रमांक / अकादमिक / प्रीबोर्ड परीक्षा / 105 / 2025–26 / 2298 भोपाल, दिनांक 24/11/25

प्रति,

(1) समस्त संभागीय संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, म.प्र.

(2) जिला शिक्षा अधिकारी, समस्त जिले, म.प्र.

(3) सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग समस्त जिले, म.प्र.

(4) समस्त प्राचार्य, शासकीय हाई / हायर सेकेण्डरी स्कूल, म.प्र.

विषयः– शैक्षणिक सत्र 2025–26 की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की प्रीबोर्ड परीक्षा की समय–सारणी जारी करने विषयक।

–0–

शैक्षणिक सत्र 2025–2026 की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की प्रीबोर्ड परीक्षा की समय–सारणी संलग्न है। प्रीबोर्ड परीक्षा के प्रश्नपत्र माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा जारी अंक योजना एवं बोर्ड परीक्षा के पेटर्न पर आधारित हैं जिससे विद्यार्थी निर्धारित समय में प्रश्नपत्र हल करने का अभ्यास कर सकें। इस सम्बन्ध में निम्नानुसार निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें –

1. प्रीबोर्ड परीक्षाएँ निर्धारित संलग्न कार्यक्रम अनुसार आयोजित की जाएं। **(परिशिष्ट– 1 एवं 2 )**
2. राज्य स्तर से माध्यमवार उपलब्ध कराये जाने वाले प्रश्नपत्रों की सूची **(परिशिष्ट–3)** अनुसार है। जो विमर्श पोर्टल पर परीक्षा दिवस के एक दिन पूर्व प्राचार्य लॉग इन पर उपलब्ध कराएं जाएंगे।
3. प्रत्येक प्रश्नपत्र ओटीपी से प्रोटेक्ट रहेगा। प्रश्नपत्र डाउनलोड करते समय ओटीपी प्राचार्य के मोबाइल नम्बर पर भेजा जाएगा।
4. विद्यालय प्राचार्य छात्र संख्या अनुसार प्रश्नपत्रों की फोटोकॉपी / मुद्रण कराएगें। फोटोकॉपी / मुद्रण कराने हेतु एक शिक्षक अधिकृत करेंगे जो फोटोकॉपी / मुद्रण कराते समय दुकान पर रहेगा एवं अपने समक्ष ही फोटोकॉपी / मुद्रण कराएगा।
5. परिशिष्ट–3 में अंकित विषयों के अतिरिक्त अन्य विषयों के प्रश्नपत्र आवश्यकतानुसार माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा जारी अंक योजना के आधार विद्यालय स्तर पर विषय शिक्षक द्वारा तैयार कराए जाएं।
6. प्रीबोर्ड परीक्षा के साथ–साथ प्राचार्य माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा जारी मॉडल पेपर एवं विद्यालय स्तर से भी प्रश्नपत्रों के अन्य सेट तैयार कराकर विद्यार्थियों का अभ्यास कराएं।
7. समय सारणी में वर्णित हाई स्कूल के विषयों के अतिरिक्त अन्य विषयों की परीक्षा दिनांक 06.01.2026 से 13.01.2026 के मध्य एवं हायर सेकण्डरी की परीक्षा दिनांक 05.01.2026 से 13.01.2026 के मध्य प्राचार्य अपने स्तर पर समय सारणी निर्धारित कर आयोजित करें।
8. परीक्षा के दौरान कक्षा 9वीं एवं 11वीं की कक्षाएं यथावत संचालित होंगी।
9. परीक्षा उपरांत विषय शिक्षक उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाएं विद्यार्थियों को उनकी त्रुटियां दर्शाते हुए अवलोकन कराएं एवं ऐसे प्रश्न जो विद्यार्थी हल नहीं कर पा रहे हैं या जिन प्रश्नों में त्रुटि हुई है विषय शिक्षक से उनका अध्यापन करवाकर विद्यार्थियों से अभ्यास कराएं।

क्रमशः

10. दिनांक **19.01.2026** को PTM आयोजित कर विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम से अभिभावकों को अवगत कराते हुए मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं का अवलोकन कराएं। इस दिवस संभागीय संयुक्त संचालक एवं जिला शिक्षा अधिकारी पृथक–पृथक दल गठित कर न्यूनतम 10–10 विद्यालयों का भ्रमण कर प्रतिवेदन संभागीय संयुक्त संचालक के माध्यम से संचालनालय को भेजना सुनिश्चित करें।
11. प्रीबोर्ड परीक्षा के परिणाम **21.01.2026** तक विमर्श पोर्टल पर प्रविष्ट किया जाना सुनिश्चित करें।
12. प्राचार्य,प्रीबोर्ड परीक्षा के परीक्षा परिणाम व प्रश्नपत्रों के आधार पर विषय शिक्षक से कठिन बिन्दुओं को चिह्नांकित करवाकर तदनुसार विशेष कक्षाओं का आयोजन अनिवार्य रुप से करें।
13. प्रश्नपत्रों की गोपनीयता सुनिश्चित करने की समस्त जबावदेही संबंधित प्राचार्य की होगी।

कृपया तद्नुसार सर्व संबंधितों को सूचित करें।

संलग्नः— 1. **परिशिष्ट—1,2एवं 3**

(डी.एस.कुशवाह)
संचालक
लोक शिक्षण म0 प्र0

कमांक / अकादमिक / प्रीबोर्ड परीक्षा / 105 / 2025—26 / 2299 भोपाल, दिनांक 24/11/25

प्रतिलिपिः 1. विशेष सहायक, माननीय मंत्री जी स्कूल शिक्षा विभाग म.प्र.।
2. सचिव, म.प्र. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल, म.प्र.।
3. संचालक, राज्य शिक्षा केन्द्र म.प्र.,भोपाल की ओर सूचनार्थ।
4. आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग म.प्र. की ओर सूचनार्थ।
5. कलेक्टर, समस्त जिले म.प्र. की ओर सूचनार्थ।
6. संचालक म.प्र. राज्य ओपन बोर्ड भोपाल की ओर सूचनार्थ।

संचालक
लोक शिक्षण म0 प्र0

लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश
गौतम नगर, भोपाल–462023
दूरभाषः– 0755–2583650 ईमेल–mpsacteam@gmail.com

परिशिष्ट–1

## हाईस्कूल प्रीबोर्ड परीक्षा समय सारणी 2025–26

| क्र. | दिनांक | कक्षा 10वीं | | |
|---|---|---|---|---|
| | | दिन | समय | विषय |
| 1 | 06.01.2026 | मंगलवार | प्रातः 11:00 से 2:00 तक | हिन्दी |
| 2 | 06.01.2026 | मंगलवार | परीक्षा उपरांत अगले प्रश्नपत्र,सामाजिक विज्ञान की तैयारी हेतु कक्षा संचालन | |
| 3 | 07.01.2026 | बुधवार | प्रातः 11:00 से 2:00 तक | सामाजिक विज्ञान |
| 4 | 07.01.2026 | बुधवार | परीक्षा उपरांत अगले प्रश्नपत्र, **संस्कृत** की तैयारी हेतु कक्षा संचालन | |
| 5 | 08.01.2026 | गुरुवार | प्रातः 11:00 से 2:00 तक | संस्कृत |
| 6 | 08.01.2026 | गुरुवार | परीक्षा उपरांत अगले प्रश्नपत्र, **अंग्रेजी** की तैयारी हेतु कक्षा संचालन | |
| 7 | 09.01.2026 | शुक्रवार | प्रातः 11:00 से 2:00 तक | अंग्रेजी |
| 8 | 09.01.2026 | शुक्रवार | परीक्षा उपरांत अगले प्रश्नपत्र, **विज्ञान** की तैयारी हेतु कक्षा संचालन | |
| 9 | 10.01.2026 | शनिवार | प्रातः 11:00 से 2:00 तक | विज्ञान |
| 10 | 10.01.2026 | शनिवार | परीक्षा उपरांत अगले प्रश्नपत्र, **गणित** की तैयारी हेतु कक्षा संचालन | |
| 11 | 13.01.2026 | सोमवार | प्रातः 11:00 से 2:00 तक | गणित **(Basic/Standard)** |

निर्देश :–

1. समय सारणी अनुसार प्रतिदिन परीक्षा उपरांत आगामी दिवस की परीक्षा के विषय का अध्यापन सुनिश्चित कराया जाए।
2. शेष विषयों की परीक्षा एवं व्यवसायिक विषयों की परीक्षा दिनांक 06.01.2026 से दिनांक 13.01.2026 के मध्य प्राचार्य अपने स्तर पर समय सारणी निर्धारित कर आयोजित करें।
3. परीक्षा कार्यक्रम के दौरान यदि किसी जिले में स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है तो ऐसे विषय की परीक्षा निर्देश क. 2 अनुसार आयोजित की जाए।
4. विद्यालय में समस्त परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनिट के पूर्व उपस्थित होना अनिवार्य होगा।
5. परीक्षा प्रारंभ होने के 10 मिनिट के पूर्व विद्यार्थियों को उत्तरपुस्तिका एवं 5 मिनिट पूर्व प्रश्नपत्र वितरित किए जाएँ।
6. **विषयमान अनुसार विद्यार्थियों की परीक्षाएं जैसे–जैसे समाप्त होती जाएं, विद्यार्थियों की अगले कार्य दिवस से नियमित कक्षाएं अनिवार्य रुप से प्रारंभ की जाएं।**

(डी.एस.कुशवाह)
संचालक
लोक शिक्षण म0 प्र0

परिशिष्ट–2

लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश
गौतम नगर, भोपाल–462023
दूरभाषः– 0755–2583650 ईमेल–mpsacteam@gmail.com

## हायर सेकेण्डरी प्रीबोर्ड परीक्षा समय सारणी 2025–26

| क्र. | दिनांक | दिन | कक्षा 12वीं | |
|---|---|---|---|---|
| | | | समय | विषय |
| 1 | 05.01.2026 | सोमवार | प्रातः 11:00 से 2:00 तक | भूगोल / इन्फॉरमेटिक प्रेक्टिसेस / क्राप प्रोडक्शन एण्ड हर्टिकल्चर |
| 2 | 05.01.2026 | सोमवार | परीक्षा उपरांत अगले प्रश्नपत्र की तैयारी हेतु कक्षा संचालन | |
| 3 | 06.01.2026 | मंगलवार | प्रातः 11:00 से 2:00 तक | भौतिक शास्त्र/ अर्थशास्त्र /एनीमल हसबेण्डरी, मिल्क ट्रेड पॉल्ट्री फार्मिंग एण्ड फिशरीज/ विज्ञान के तत्व |
| 4 | 06.01.2026 | मंगलवार | परीक्षा उपरांत अगले प्रश्नपत्र की तैयारी हेतु कक्षा संचालन | |
| 5 | 07.01.2026 | बुधवार | प्रातः 11:00 से 2:00 तक | हिन्दी |
| 6 | 07.01.2026 | बुधवार | परीक्षा उपरांत अगले प्रश्नपत्र की तैयारी हेतु कक्षा संचालन | |
| 7 | 08.01.2026 | गुरुवार | प्रातः 11:00 से 2:00 तक | गणित |
| 8 | 08.01.2026 | गुरुवार | परीक्षा उपरांत अगले प्रश्नपत्र की तैयारी हेतु कक्षा संचालन | |
| 9 | 09.01.2026 | शुक्रवार | प्रातः 11:00 से 2:00 तक | अंग्रेजी/संस्कृत |
| 10 | 09.01.2026 | शुक्रवार | परीक्षा उपरांत अगले प्रश्नपत्र की तैयारी हेतु कक्षा संचालन | |
| 11 | 10.01.2026 | शनिवार | प्रातः 11:00 से 2:00 तक | व्यवसाय अध्ययन / राजनीति शास्त्र/जीव विज्ञान/शरीर रचना किया विज्ञान एवं स्वास्थ्य |
| 12 | 10.01.2026 | शनिवार | परीक्षा उपरांत अगले प्रश्नपत्र की तैयारी हेतु कक्षा संचालन | |
| 13 | 13.01.2026 | मंगलवार | प्रातः 11:00 से 2:00 तक | रसायन शास्त्र/इतिहास/ लेखाशास्त्र/ एलीमेन्ट ऑफ साइन्स एण्ड मैथमेटिक्स यूजफुल फॉर एग्रीकल्चर/गृह प्रवन्ध पोषण एवं वस्त्र विज्ञान |

निर्देश :–

1. समय सारणी अनुसार प्रतिदिन परीक्षा उपरांत आगामी दिवस की परीक्षा के विषय का अध्यापन सुनिश्चित कराया जाए।
2. शेष विषयों की परीक्षा एवं व्यवसायिक विषयों की दिनांक 05.01.2026 से दिनांक 13.01.2026 के मध्य प्राचार्य विषय शिक्षक से प्रश्नपत्र निर्माण कराकर एवं अपने स्तर पर समय सारणी निर्धारित कर आयोजित करें।
3. परीक्षा कार्यक्रम के दौरान यदि किसी जिले में स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है तो ऐसे विषय की परीक्षा निर्देश क. 2 अनुसार आयोजित की जाए।
4. **ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने अंग्रेजी एवं संस्कृत दोनों विषयों का चयन किया है उनकी किसी एक विषय की परीक्षा निर्देश क. 2 अनुसार आयोजित की जाए।**
5. विद्यालय में परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनिट के पूर्व उपस्थित होना अनिवार्य होगा।
6. परीक्षा प्रारंभ होने के 10 मिनिट के पूर्व विद्यार्थियों को उत्तरपुस्तिका एवं 5 मिनिट पूर्व प्रश्नपत्र वितरित किए जाएँ।
7. **विषयमान अनुसार विद्यार्थियों की परीक्षाएं जैसे–जैसे समाप्त होती जाएं, विद्यार्थियों की अगले कार्य दिवस से नियमित कक्षाएं अनिवार्य रुप से प्रारंभ की जाएं।**

(डी.एस.कुशवाह)
संचालक
लोक शिक्षण म0 प्र0

# परिशिष्ट–3

| प्रीबोर्ड परीक्षा 2025–26 कक्षा 10वीं एवं 12वीं हेतु राज्य स्तर से उपलब्ध कराये जाने वाले प्रश्न–पत्रों की सूची | | | | |
|---|---|---|---|---|
| स.क्र | विषय | कक्षा | माध्यम | |
| | | | हिन्दी | टंग्रेजी |
| 1 | हिन्दी | 10वीं एवं 12वीं | √ | |
| 2 | अंग्रेजी | 10वीं एवं 12वीं | √ | |
| 3 | संस्कृत | 10वीं एवं 12वीं | √ | |
| 4 | गणित **(Basic/Standard)** | 10वीं | √ | √ |
| 5 | विज्ञान | 10वीं | √ | √ |
| 6 | सामाजिक विज्ञान | 10वीं | √ | √ |
| 7 | भौतिक शास्त्र | 12वीं | √ | √ |
| 8 | रसायन शास्त्र | 12वीं | √ | √ |
| 9 | गणित | 12वीं | √ | √ |
| 10 | जीव विज्ञान | 12वीं | √ | √ |
| 11 | राजनीति विज्ञान | 12वीं | √ | √ |
| 12 | इतिहास | 12वीं | √ | √ |
| 13 | अर्थशास्त्र (कला एवं वाणिज्य समूह) | 12वीं | √ | √ |
| 14 | भूगोल | 12वीं | √ | √ |
| 15 | लेखाशास्त्र | 12वीं | √ | √ |
| 16 | व्यवसाय अध्ययन | 12वीं | √ | √ |

**नोट– शेष विषयों के लिए प्राचार्य अपने स्तर पर प्रश्नपत्र तैयार कर प्रीबोर्ड परीक्षा संचालित करें।**